सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान
CSIR-INDIAN INSTITUTE OF INTEGRATIVE MEDICINE
नहर मार्ग, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर - 180001
CANAL ROAD, JAMMU, JAMMU & KASHMIR - 180001

सं./No.: A-12024/14/2025-R&A-IIIM **दिनांक/Dated: 10.03.2026**

अधिसूचना / NOTIFICATION

विषय: विज्ञापन संख्या 04R/2025 के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु अंतिम परिणाम।

Sub.: FINAL RESULT FOR THE POST OF JUNIOR HINDI TRANSLATOR ADVERTISED VIDE ADVT. NO. 04R/2025

विज्ञापन सं. 04R/2025 के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु प्रतिस्पर्धी लिखित परीक्षा दिनांक 08.03.2026 को आयोजित की गई। परीक्षा की योजना के अनुसार पेपर-I (बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार) अर्हताप्राप्ति प्रकृति का था तथा मेरिट का निर्धारण केवल पेपर-II (वर्णनात्मक) के आधार पर किया जाना था। पेपर-I में न्यूनतम अर्हता सीमा 25% निर्धारित की गई थी।

The Competitive Written Examination for the post of Junior Hindi Translator advertised vide Advt. No. 04R/2025 was conducted on 08.03.2026. As per the scheme of examination, Paper-I (multiple-choice objective type) was qualifying in nature and merit was to be determined solely on the basis of Paper-II (descriptive). The minimum qualifying threshold in Paper-I was fixed at 25%.

पेपर-I की उत्तर-कुंजी संस्थान की वेबसाइट पर समसंख्या के वेब-नोटिस दिनांक 08.03.2026 के माध्यम से प्रकाशित की गई तथा अभ्यर्थियों से, यदि कोई प्रतिवेदन हों, तो उन्हें दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे तक आमंत्रित किया गया। उत्तर-कुंजी के अंतिम रूप से अनुमोदन के उपरांत पेपर-I की ओएमार शीटों का मूल्यांकन किया गया तथा अभ्यर्थियों द्वारा पेपर-I में प्राप्त अंक निम्नानुसार हैं:

The answer keys of Paper-I were published on the Institute's website vide web-notice of even number dated 08.03.2026 and representations, if any, were invited from candidates up to 10:00 AM on 10.03.2026. After finalization of the Answer Keys, the OMR sheets of Paper-I were evaluated and the marks obtained by candidates in Paper-I are as under:

Sl. No.	Roll No.	Marks secured in Paper-I (out of 300)	Percentage
1.	25JHT30	115	38.33
2.	25JHT37	112	37.33
3.	25JHT48	93	31.00
4.	25JHT17	86	28.66
5.	25JHT20	63	21.00
6.	25JHT36	62	20.66
7.	25JHT26	60	20.00
8.	25JHT28	41	13.66
9.	25JHT39	37	12.33
10.	25JHT24	35	11.66
11.	25JHT13	19	6.33

पेपर-I में निर्धारित अर्हता सीमा के आधार पर निम्नलिखित चार अभ्यर्थियों को उनके पेपर-II की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया। इन अभ्यर्थियों द्वारा पेपर-II में प्राप्त अंक मेरिट के क्रम में निम्नानुसार हैं:

On the basis of the prescribed qualifying threshold in Paper-I, the following four candidates were shortlisted for evaluation of their Paper-II answer booklets. The marks obtained by these candidates in Paper-II, in order of merit, are as under:

Sl. No.	Roll No.	Marks secured in Paper-II (out of 300)
1.	25JHT17	160
2.	25JHT30	155
3.	25JHT37	125
4.	25JHT48	115

जारी...2/-

पेपर-II में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के दृष्टिगत निम्नलिखित अभ्यर्थियों को चयन एवं प्रतीक्षा सूची हेतु अनुशंसित किया गया हैः

In view of the performance of the candidates in Paper-II, the following candidates have been recommended for selection and the waiting list:

Sl. No.	**Roll No.**	**Name of Candidate**	**Remarks**
1.	25JHT17	श्री. सोनू राज / Sh. Sonu Raj	*चयन हेतु अनुशंसित* *Recommended for Selection*
2.	25JHT30	श्री विशाल / Sh. Vishal	*प्रतीक्षा सूची में* *Wait listed*

अभ्यर्थी का चयन पूर्णतः अस्थायी है तथा नियुक्ति के समय मूल अभिलेखों/प्रमाणपत्रों के सत्यापन एवं सीएसआईआर-आईआईआइएम द्वारा निर्धारित सभी पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन होगा। यदि चयन के पश्चात भी यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी विज्ञापन संख्या 04R/2025 तथा/या तत्संबंधी किसी पश्चातवर्ती अधिसूचना/शुद्धिपत्र में उल्लिखित किसी भी पात्रता शर्त अथवा नियम एवं शर्तों को पूरा नहीं करता/करती है, तो उसकी अभ्यर्थिता बिना किसी अतिरिक्त सूचना के निरस्त/अस्वीकृत कर दी जाएगी तथा ऐसे निरस्तीकरण/अस्वीकृति के विरुद्ध कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

The selection of the candidate is purely provisional, subject to verification of original documents/testimonials at the time of joining and fulfillment of all eligibility conditions as stipulated by CSIR-IIIM. If it is found, even after selection, that the candidate does not fulfil any of the condition(s) of eligibility or other terms and conditions stipulated in Advt. No. 04R/2025 and/or any subsequent notification/corrigendum, his/her candidature will be summarily cancelled/rejected without any further notice and no appeal against such cancellation/rejection will be entertained.

परिणाम तैयार करने में यथासंभव सावधानी बरती गई है; तथापि CSIR-IIIM किसी भी अनजाने में हुई त्रुटि, टंकण या अन्य प्रकार की त्रुटि के पाए जाने पर किसी भी स्तर पर संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

Every care has been taken in the preparation of the results; however, CSIR-IIIM reserves the right to rectify any inadvertent error, typographical or otherwise, if detected at any stage.

हस्ता/-

प्रशासन नियंत्रक/Controller of Administration

<u>टिप्पणी/Note</u>:

1. यह पैनल अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगा।
   The panel will remain valid for one year from the date of this notification.
2. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति संबंधी औपचारिकताएँ पूर्ण करने हेतु पृथक रूप से सूचित किया जाएगा।
   Selected candidate will be intimated separately to complete appointment formalities.
3. चयन अनंतिम है और यह नियुक्ति के समय योग्यता, जाति/वर्ग तथा अनुभव संबंधी मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन पर निर्भर होगा।
   The selection of candidate is provisional and subject to verification of original certificates in support of their qualifications, caste/category, and experience at the time of joining.
4. यदि किसी भी स्तर पर कोई अभ्यर्थी अयोग्य पाया जाता है अथवा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसकी उम्मीदवारी स्वतःनिरस्त कर दी जाएगी।
   If, at any stage, a candidate is found ineligible or fails to produce the required documents, their candidature shall stand cancelled.